# कार्यालय : मुख्य शिक्षा अधिकारी, हरिद्वार।

पत्रांक: 7—ख—02 / शिविर / 5545-51 / 2025—26 दिनांक **30 सितम्बर 2025**

**कार्यालय ज्ञाप**

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्रांक—विविध / 13727—30 / अवकाश तालिका / 2021—22 दिनांक 29 सितम्बर 2021 एवं निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्रांक—अकादमिक(04) / 11329—32 / शै0पं0 / 2022—23 दिनांक 08 सितम्बर 2022 के द्वारा विद्यालयों का संचालन शीतकालीन में दिनांक 01 अक्टूबर से 31 मार्च तक निर्धारित किया गया है। शिक्षक संगठनों द्वारा जनपद की भौगोलिक परिस्थितियों एवं गर्मी के मौसम के दृष्टिगत छात्र हित में अक्टूबर माह में ग्रीष्मकालीन समय सारिणी के अनुसार ही विद्यालय संचालित कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया है। उक्त क्रम में जिलाधिकारी महोदय की सेवा में पत्रावली प्रस्तुत किये जाने पर जिलाधिकारी महोदय ने टीपादेश दिनांक 29 सितम्बर 2025 के द्वारा 15 अक्टूबर 2025 तक के लिये प्रस्ताव अनुमोदित किया गया है।

अतैव तद्क्रम में छात्र हित के दृष्टिगत जनपद के विद्यालयों का **समय 15 अक्टूबर 2025 अथवा अर्द्धवार्षिक परीक्षा कार्यक्रम की तिथि निर्धारित होने की स्थिति में (जो भी पहले हो) तक यथावत् ग्रीष्मकालीन समयसारिणी के अनुसार यथावत् रहेगा।**

30/09/25

**(आशुतोष भण्डारी)**
मुख्य शिक्षा अधिकारी
हरिद्वार

पृ0सं0: 7—ख—02 / शिविर / 5545-51 / 2025—26 दिनांक—तदैव।

प्रतिलिपि, निम्नांकित की सेवा में सूचनार्थ एवं उक्तानुसार कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01— जिलाधिकारी हरिद्वार।
02— महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।
03— निदेशक, माध्यमिक शिक्षा एवं प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून।
04— अपर निदेशक, माध्यमिक एवं प्रारम्भिक शिक्षा गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।
05— प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, रूडकी।
06— जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक / प्रारम्भिक हरिद्वार।
07— समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी / उप शिक्षा अधिकारी जनपद हरिद्वार।
08— समस्त संस्थाध्यक्ष, शासकीय / अशासकीय, प्राथमिक / उच्च प्राथमिक / उ0मा0वि0 / इण्टर कालेज, जनपद हरिद्वार को अनुपालनार्थ।
09— कार्यालय गार्ड फाईल।

मुख्य शिक्षा अधिकारी
हरिद्वार